हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025

11 शिक्षक ने जन्मदिन पर बच्चों में बांटे जलेबी...

12 लोक अदालत में 2871 मामलों का निपटारा

खबर संक्षेप

डीजे को लेकर झगड़े में तीन लोगों को किया काबू

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस ने डीजे को लेकर हुए विवाद में एक परिवार के साथ झगड़ा करने के मामले में तीन लोगों को काबू किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि 17 मार्च को इन्द्रा कालोनी टोहाना निवासी सत्यवान के अनुसार कुछ दिन पूर्व उनके पड़ोस में जलवा पूजन के कार्यक्रम था और डीजे पर उनकी पड़ोसी विक्रम, अनिल रंजिश के चलते झगड़ा कर दिया था।

नशा सप्लायर युवक को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। नशा तस्करों के साथ सप्लायरों की धरपकड़ करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सूरज सिंह उर्फ सागर पुत्र दारा सिंह निवासी कुदनी हैड हाल ईदगाह कालोनी, दमकौरा रोड, टोहाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 हजार की नकदी बरामद कर अदालत में पेश किया है।

खेत से स्टार्टर में पंजाब के दो युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने गांव दरियापुर में खेल से सोलर पम्प का स्टार्टर चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो युवकों करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान विक्रम पुत्र कृष्ण कुमार व सुरेन्द्र कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी खेरां खुर्द जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। दोनों युवकों को माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है।

हेरोइन सहित बाइक सवार युवक को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत रतिया पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान राजेन्द्र सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी टोडरपुर जिला मानसा हाल अलालवास के रूप में हुई है।

फतेहाबाद में युवक पर हमला कर नकदी छीनी

फतेहाबाद। फतेहाबाद के पालिका बाजार में एक युवक पर कापों से हमला कर नकदी छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में जींद के गांव धनौरी निवासी सूरजभान ने कहा है कि गत दिवस रात को वह किसी काम से फतेहाबाद के पालिका बाजार में गया था। वहां पर मुकेश पुत्र विनोद कुमार निवासी कबीर बस्ती, फतेहाबाद अपने दो साथियों के साथ आया और उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उक्त युवकों ने हमला कर उससे 3 हजार रुपये की नकदी लूट ली।

हांसपुर में मकान से लाखों का सोना व नकदी चोरी

फतेहाबाद। चोरों ने गांव हांसपुर में एक मकान में घुसकर लाखों का सोना व नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही सदर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीडीएलयू परीक्षाओं के मद्देनजर धारा 163 लागू

फतेहाबाद। जिलाधीश मनदीप कौर ने जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 7 जून तक आयोजित होने वाली चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा की स्नातक (यूजी) व स्नातकोत्तर (पीजी) परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 163 लागू करने के आदेश पारित किए हैं। जारी आदेशों की अवहेलना में यदि कोई दोषी पाया जाता है कि तो कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में के हथियार ले जाने पर पाबंदी रहेगी।

बड़ा सवाल: नहरी जलापूर्ति होने पर कहां गायब हुए ट्यूबवेल

जल संकट में याद आए ट्यूबवेल

शहर मे 33 ट्यूब्वैलो से होती थी जलापूर्ति

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद में 22 एमएलडी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी साफ होकर सप्लाई होता है। खैरातीखेड़ा रोड पर स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में करीब 30 एकड़ में बने विशाल टेंक में पानी की 24 दिन की स्टोरेज क्षमता है। यानि कि नहर से लगातार 24 दिन पानी टेंक में नहीं भरा जाता तो भी शहर में 24 दिन पानी की सप्लाई बिना रुके होती रहेगी। अब नहरबंदी के कारण नहरें बंद हैं और टैंक में मात्र कुछ दिन का पानी शेष बचा है। ऐसे में फतेहाबाद शहर में 12 वर्ष पूर्व का समय याद आता है जब भूजल आधारित ट्यूबवेल्स से पेयजल की आपूर्ति होती थी। यानी नहरी पानी की सप्लाई नहीं होती थी और सारे शहर की प्यास ट्यूबवेल के पानी से ही बुझाई जाती थी। पिछले 40 सालों से शहर में ट्यूबवेल्स से पेयजल की आपूर्ति हो रही थी। जनस्वास्थ्य विभाग और नगरपरिषद के 33 ट्यूबवेल लगे हुए थे, जिनका रखरखाव पहले नगरपरिषद और बाद में जनस्वास्थ्य विभाग करने लगा। जनस्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ एमपी कोटे से भी अनेक ट्यूबवेल लगवाए गए लेकिन भूजल के गिरते स्तर के कारण लोगों ने नहरी पानी की डिमांड की तो प्रदेश सरकार ने यहां खैरातीखेड़ा रोड पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करवाया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार में यहां के विधायक प्रहलाद सिंह गिलाखेड़ा के प्रयासों से खैरातीखेड़ा रोड पर 10-10 एमएलडी के दो डब्ल्यूटीपी बनाए गए, बाद में इसकी क्षमता 22 एमएलडी कर दी गई। यहीं पर साथ ही, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी चल रहा है। वर्ष 2013 में तत्कालीन डीसी डॉ. साकेत कुमार के प्रयासों से खैरातीखेड़ा स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को चालू कर शहर के पानी की सप्लाई यहां जोड़ दी गई। धीरे-धीरे ट्यूबवेल बंद होते गए और पुरानी तहसील से लेकर पुलिस लाइन तक सारे क्षेत्र में नहरी पानी सप्लाई होने लगा। नहरी पानी प्रयोग में लाने से जहां लोगों को पेट की बीमारियों व घुटने के दर्द से राहत मिली वहीं पानी का प्रेशर भी ठीक मिलने लगा। अब बड़ा सवाल यह है कि वर्ष 2013 में यहां प्रत्येक वार्ड व प्रत्येक बड़े चौक में ट्यूबवेल लगे हुए थे। यहीं से दिन में दो बार पानी की सप्लाई होती थी। अब यह ट्यूबवेल कहां गए। नहरों में पानी आना बंद हुआ तो लोगों व को ट्यूबवेल्स की याद आई। ट्यूबवेल रखरखाव के अभाव में बंद हो गए। ट्यूबवेल्स ऑपरेटर या तो रिटायर हो गए या ट्रांसफर कर दिए गए। शहर में एक समय में 33 ट्यूबवेल चल रहे थे। अब लगभग सभी बंद पड़े हैं। अगर जनस्वास्थ्य विभाग और नगरपरिषद इनके रखरखाव पर थोड़ा भी ध्यान देते तो आज पेयजल संकट खड़ा न होता। बता तो यह रहे हैं कि कुछेक स्लम बस्तियों और कुछ आउटर कालोनियों में अभी भी ट्यूब्वैलों से पानी की सप्लाई हो रही है लेकिन सवाल यह है कि अभी भी इनकी ओर ध्यान दिया जाए तो भविष्य में पानी के आने वाले संकट को झेला जा सकता है।

फतेहाबाद। संन्यास आश्रम रोड पर बंद पड़ा सरकारी ट्यूब्वैल, जिसे अब तोडऩे की योजना है। फोटो: हरिभूमि

!!

पहले ट्यूब्वैलों से शहर में पानी की सप्लाई होती थी। नहरी पानी सप्लाई शुरू होने के बाद ट्यूब्वैल धीरे-धीरे बंद होते गए लेकिन अभी 17 ट्यूब्वैल चालू हालात में हैं और इनसे पानी की सप्लाई हो रही है। अनेक ट्यूब्वैल ठप्प हो गए हैं। इन पर खर्चा भी काफी आता है। पानी का संकट जल्द दूर हो जाएगा।
-सतपाल रोज, एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद

अब मनरेगा में ऑनलाइन हाजिरी से ही मिलेगी मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

भूना। मनरेगा मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी बारे जानकारी देते बीडीपीओ।

टेक्नोलॉजी की क्रांति देखिए कि अनपढ़ता की वजह से मजदूरी करने वाले लोग भी अब डिजिटल रूप से ऑनलाइन हाजिरी लगाएंगे। भूना में मनरेगा योजना में अब मजदूरों की हाजिरी ऑनलाइन ही लगेगी। मेट, सरपंच और ग्राम सचिव को यह जिम्मेदारी दी गई है। बीडीपीओ अनिल कुमार ने मंगलवार को भूना ब्लॉक में ग्राम सचिवों और कर्मचारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाजिरी ऑनलाइन होने से भ्रष्टाचार रुकेगा। मजदूरों का रिकॉर्ड भी डिजिटल रहेगा। मजदूरी सीधे खाते में भेजी जाएगी। बीडीपीओ अनिल कुमार ने कहा कि मजदूरों को काम पर भेजने से पहले उनकी ऑनलाइन हाजिरी जरूरी होगी। मस्टररोल में सही हाजिरी दर्ज होनी चाहिए। मेटों को निर्देश दिए गए कि सभी कार्यों का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखें। किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई तो विभागीय कार्रवाई होगी। मजदूरों को बिना हाजिरी के मजदूरी दी गई तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्राम सचिवों को निर्देश दिए गए कि वे घर-घर जाकर जॉब कार्ड की जांच करें।

एक्सिस बैंक में आग लगने से फर्नीचर व अन्य सामान जला

सिरसा। शहर के सांगवान चौक स्थित एक्सिस बैंक की मुख्य ब्रांच में मंगलवार को आग लग गई। आगजनी में बैंक का रिकार्ड व फर्नीचर जलकर राख हो गया है। सूचना मिलने पर दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। अभी बैंक में आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार सुबह अचानक बैंक से धुआं उठा तो निकट ही स्थित निजी मॉल के सिक्योरिटी गार्ड ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। जब तक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंचती तब तक आग फैल गई और बैंक के अंदर रखे कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक उपकरण, कुर्सी, टेबल एवं कुछ दस्तावेज जल गए। अंदेशा जताया जा रहा है कि बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी और बाद में ज्यादा फैल गई। सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि सुबह उसने बाहर आकर देखा तो बैंक से धुआं निकल रहा था। मामले की जानकार पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी गई। कुछ समय बाद बैंक के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

नौकरी दिलाने के नाम पर होमगार्ड से 1.10 लाख ठगे

फतेहाबाद। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर होमगार्ड जवान से 1 लाख 10 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस को दी शिकायत में खाबड़ा कलां निवासी कमल ने कहा है कि वह हरियाणा होमगार्ड में नौकरी करता है। दिसम्बर 2024 में उसके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि एक वैकेंसी आई हुई है। उसने अपने भाई राहुल को नौकरी लगवाना था। उसे हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लगवाने के लिए 2 लाख 20 हजार रुपये में बात तय हुई। इसके बाद उसके पास फोन आया कि उसका काम हो गया है उसे 4 क्यू आर कोड भेजे। उसने 1. 10 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसका नंबर बंद आ रहा है।

नशा मुक्ति केंद्र का रिकॉर्ड जांचा

- सीजेएम गायत्री ने किया सेफ हाउस व नशा मुक्ति केंद्र नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला व सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने सेफ हाउस व नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण व रिकॉर्ड को जांचा। उन्होंने सेफ हाउस में रह रहे प्रेमी जोड़ों से उनको वहां पर आने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछताछ की व उन को दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। सीजेएम ने बताया कि मौजूदा समय में सेफ हाउस में एक जोड़ा सुरक्षा लिए हुए हैं व वहां उनके रहने के लिए कमरे उपलब्ध है। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य केंद्र में चल रही गतिविधियों और मरीजों की प्रगति की समीक्षा करना था। सीजेएम गायत्री ने नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारीयों एवं अधिकारियों को हिदायत दी की नशीली दवाओ या शराब के नशे से पीड़ित व्यक्तियों के लिए एक संरचित व सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। सीजेएम ने कहा कि नशा पीड़ितों को न्याय देने में संबंधित विभाग के अधिकारी तत्परता से कार्य करते हुए नियमानुसार उचित कानूनी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

फतेहाबाद। नशा मुक्ति केंद्र नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते सीजेएम गायत्री।

पंजाब सरकार के खिलाफ सड़कों पर इनेलो

- हरियाणा के हिस्से का पानी रोककर घटिया राजनीति कर रही है आम आदमी पार्टी पंजाब सरकार : सुनैना चौटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने हरियाणा के हिस्से का पानी रोककर घटिया राजनीति करने का परिचय दिया है। आम आदमी पार्टी के नेता एक तरफ हरियाणा में घडिय़ाली आंसू बहा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ पंजाब में उनकी सरकार हरियाणा खासकर फतेहाबाद, हिसार और सिरसा क्षेत्र में खेती को बर्बाद करने और लोगों को प्यासा मारने काम कर रही है।

केन्द्र सरकार को तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप कर विवाद को हल करवाना चाहिए। यह बात इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा हरियाणा के हिस्से के नहरी पानी को रोकने के विरोध में किए गए प्रदर्शन से पूर्व जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश के जल हितों की रक्षा को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं ने आज सुनैना चौटाला के नेतृत्व में सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन किया और पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इनेलो ने डीसी कार्यालय के बाहर पंजाब के सीएम भगवंत मान का पुतला भी फूंका। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली ने की।

फतेहाबाद। जल विवाद को लेकर सुनैना चौटाला के नेतृत्व में प्रदर्शन करते इनेलो कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

प्रधानमंत्री हस्ताक्षेप करें

प्रदर्शन के दौरान सुनैना चौटाला ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा को भाखड़ा नहर प्रणाली से मात्र 4 हजार क्यूसिक जल प्राप्त हो रहा है जबकि वास्तव में 8500 क्यूसिक पानी की प्रदेश में प्रत्येक दिन आवश्यकता है। प्रधानमंत्री को तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप कर जल विवाद को सुलझाना चाहिए, क्योंकि आज हरियाणा प्रदेश का किसान, मजदूर व प्रत्येक जन पानी के लिए हा-हाकार मचा रहा है। पानी न मिलने से किसान फसलों की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं।

पिता के नाम कंपनी बना ठगे 50 करोड़, दो धरे

- रुपये दोगुने करने का लालच देकर हजारों लोगों को चूना लगाया
- 16 अप्रैल को अमरीक सिंह की शिकायत पर दर्ज किया था केस

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए दोनों आरोपी। फोटो: हरिभूमि

कम्पनी में निवेश कर रुपये दोगुने करने का लालच देकर हजारों लोगों से करोड़ों रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बलिन्द्र कुमार उर्फ बिन्नू पुत्र अजायब सिंह व जसवंत सिंह उर्फ शीरा पुत्र बलदेव सिंह निवासी सहनाल के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 16 अप्रैल को सहनाल निवासी अमरीक सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार गांव सहनाल के ही डॉ. सुखदेव सिंह ने अपने पिता के नाम से शीशपाल फ्रंटलेन कंसलटेंसी एंड सर्विसस प्रा.लि. नाम से कम्पनी बना रखी है। कम्पनी में करीब 25 एजेंट बना रखे हैं, इनमें राजू पुत्र लाला राजकुमार पुत्र लाभचंद, सुखदेव, प्रगट सिंह, रवि कुमार पुत्र बृजलाल, महेन्द्र पुत्र बारूराम, अंकित पुत्र रामपाल निवासी सहनाल, शिरा चिम्मा निवासी गुरूर, रोशन लाल पुत्र टेकचंद निवासी भूना आदि शामिल है। सुखदेव और उसके एजेंट लोगों को एक महीने में रुपये दोगुने करने का लालच देकर धोखाधड़ी कर रहे है। अमरीक ने कहा कि 18 जनवरी को आरोपी उसके घर आए और लालच देकर उससे 3 लाख रुपये ले लिए। शिकायतकर्ता के अनुसार उसे कम्पनी में पैसा लगाए करीब अढ़ाई महीने बीत गए परंतु आरोपियों ने कोई राशि नहीं लौटाई। जब उसने सुखदेव व उसके एजेंटों से पैसे मांगे तो इन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौच किया और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकियां देने लगे। शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपियों ने उसके अलावा भी बहुत लोगों के साथ फ्रॉड किया हुआ है, जिसकी राशि करीब 40-50 करोड़ रुपये है। इस मामले में रतिया पुलिस ने डॉ. सुखदेव के अलावा उसके 13 एजेंटों के खिलाफ प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम बैनिंग एक्ट 1978 की धारा 4, 5, 6 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (2), 318 (4), 351 (2), 351 (3) व 61 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

एमएसडी स्प्रिंग बेल्स स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाया ट्रेफिक नियमों का पाठ

- एसबीपी डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्राओं के साथ बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार फतेहाबाद पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एसबीपी डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्राओं के साथ बातचीत की। इस दौरान महिला जागरूकता इंचार्ज निरीक्षक मंजू ने छात्राओं से कहा कि पुलिस हमारी मित्र है और अपराध रोकथाम व नियंत्रण करना पुलिस का एक सामाजिक दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्राओं को सडक़ सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा, अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही, छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी गई और बाल विवाह, दहेज प्रथा और बाल मजदूरी जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे बताया। इसके अलावा उन्होंने छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध, गुड व बैड टच के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। किसी भी प्रकार के महिला विरुद्ध अपराध में पुलिस की सहायता ले। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए 112 पर कॉल करे। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस फतेहाबाद द्वारा आज एमएसडी स्प्रिंग बेल्स स्कूल फतेहाबाद में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रैफिक प्रभारी जयसिंह तथा उनकी टीम द्वारा बच्चों को सडक़ पार करने के नियम, ट्रैफिक सिग्नलों का अर्थ, हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, सीट बेल्ट का महत्व समझाया।

फतेहाबाद। डीएवी स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पैक्टर मंजू।

प्रति एकड़ उत्पादन अधिक होने के बावजूद मण्डियों में कम आई गेहूं

बीते वर्ष से 84 हजार एमटी कम हुई गेहूं की खरीद

- गेहूं खरीद के मामले में फतेहाबाद अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर पाएगा
- व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर गेहूं का स्टाक करना शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गेहूं का उत्पादन अधिक होने के बावजूद फतेहाबाद जिला गेहूं खरीद मामले में पिछले साल से पीछे ही रहेगा। जिले में अब तक 6 लाख 17 हजार 651 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है जबकि 7 लाख 1 हजार 641 एमटी गेहूं की खरीद हुई थी। यानि कि इस बार मण्डियों में 84 हजार एमटी गेहूं की कम खरीद हुई है। डीएफएससी का मानना है कि इस बार गेहूं खरीद के मामले में फतेहाबाद अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर पाएगा। उधर, माना जा रहा है कि खुले बाजार में गेहूं के बढ़ते दामों को देखते हुए व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर गेहूं का स्टाक करना शुरू कर दिया है। फतेहाबाद की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में अब तक 43035 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 617651 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है। इसके लिए सरकार की ओर से किसानों को 1283.39 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया है। फूड सप्लाई ने 6027 किसानों की 92020 मीट्रिक टन, हैफेड ने 17011 किसानों की 292864 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 16679 किसानों की 211366 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 3318 किसानों की 21400 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल का उठान कार्य जारी है। जिला में अब तक 539632 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। जो खरीद का 87.37 प्रतिशत है। जिला में अब तक फूड सप्लाई ने 82892 मीट्रिक टन, हैफेड ने 255553 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 181750 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 19436 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है। जिला में अब तक 43035 किसानों की गेहूं की फसल खरीदी जा चुकी है जिसकी एवज में विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 1283.39 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

फतेहाबाद। अनाज मण्डी में पड़ी गेहूं की ढेरियां। फोटो: हरिभूमि

15 मई तक होगी खरीद

गेहूं की खरीद 15 मई तक होनी है। पिछले साल 7 लाख एमटी गेहूं की आवक हुई थी। अब गेहूं की आवक धीरे-धीरे कम हो रही है। इसके बावजूद 9 हजार एमटी प्रतिदिन आवक हो रही है। ऐसे में 15 मई तक हम पिछले साल का आंकड़ा छू जाएंगे लेकिन लक्ष्य पूरा होना मुश्किल लग रहा है। -विनीत जैन, डीएफएससी फतेहाबाद

शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम

लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।

हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की बेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बल्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

लॉस एंजिल्स। दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

सिडनी स्वीनी : अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

गिगी हदीद : गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

जेंडया : अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।

जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप : मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर : दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

लिसा : ब्वैलपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।

हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस : व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।

हैली बीबर और केंडल जेनर : हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।

किम कार्दशियन : मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।

'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस'का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस'का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।

'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां'को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें : अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिंग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि : अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'



सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

टीवी मसाला

इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

नई दिल्ली। हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के'ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज'का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी'की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी'और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा'का करिश्मा'रिलीज हुआ।

पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।

बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था।

चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।

इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।

ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए

रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनूजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।

अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"

विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल

वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"

विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेक ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

नई दिल्ली। कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्रोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।

खबर संक्षेप

अवैध हथियार सहित एक युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने रतिया क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मनिन्द्र उर्फ मनी पुत्र राम सिंह निवासी लाली रोड, रतिया हाल अरोड़ा कालोनी रतिया के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी यादबिन्द्र सिंह ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई रिछपाल सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब रतिया में भूना रोड, नहर पुल के पास पहुंची तो शक के आधार पर एक युवक को काबू किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मनिन्द्र बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक नाजायज पिस्तौल 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

नागरिक अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

फतेहाबाद। वाहन चोरों ने टोहाना के नागरिक अस्पताल के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में रविदास मोहल्ला, रतिया रोड टोहाना निवासी कपिल ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर नागरिक अस्पताल टोहाना में गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को अस्पताल के बाहर खड़ा किया और मरीज को दिखाने के लिए अस्पताल में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

पुलिस टीम के साथ झगड़े का तीसरा आरोपी काबू

फतेहाबाद। भूना पुलिस ने जुआरियों को पकडने गई पुलिस टीम के साथ लड़ाई झगड़ा कर सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान धर्म सिंह उर्फ धर्मा पुत्र घड़सी निवासी ढाणी गोपाल के रूप में हुई है। इस मामले में दो आरोपियों पवन कुमार उर्फ दाऊद पुत्र साधुराम निवासी ढाणी गोपाल व सुभाष चन्द्र उर्फ चानी पुत्र रामचन्द्र निवासी फुलां हाल ढाणी गोपाल को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्र ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 10 जनवरी को थाना भूना के ईएसआई रणधीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार पुलिस टीम को कंट्रोल रूप से सूचना मिली थी कि ढाणी गोपाल में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। इस पर जब वह पुलिस टीम के साथ ढाणी गोपाल पहुंचे तो रास्ते में पूर्व होमगार्ड रघुबीर सिंह, उसके लडक़े अक्षय ने अपने 8-10 साथियों के साथ उन्हें रास्ते में रोक लिया और झगड़ा करना शुरू कर दिया। बाद में हमलावर पुलिस टीम को जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस की एडवाइजरी : फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत

अमेरिका भेजने का झांसा देकर युवाओं को मैक्सिको और क्यूबा ले जाते हैं ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों को लेकर लोगों को जागरूक किया
- फर्जी एजेंटों की पुलिस को तुरंत दें सूचना, एक्शन लेंगे : जैन

एसपी सिद्धांत जैन।

शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेंटों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है।

विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। यह बात फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही। फतेहाबाद पुलिस द्वारा विशेष एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है।

एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि हरियाणा एक सम्पन्न प्रदेश है। यहां के लोगों की विदेश जाने की काफी इच्छा होती है। लोगों के इस इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रेवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। ये लोग पीड़ितों को तब झांसे में फंसा लेते हैं जब वे सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों का जवाब देते हैं।

इसके बाद एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों मे ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों में भेज देते है जैसे अमेरिका जाने वालों को मैक्सिको, क्यूबा आदि देशो मे व इसी प्रकार आस्ट्रेलिया जाने वालो को मलेशिया आदि देशों मे ले जाते है और वहां से जंगल, समुद्री रास्तों, सडक़ मार्ग द्वारा पैदल नावों, कंटेनरों द्वारा गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाते है। इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की ठंड के कारण, जहरीले जानवरों के काटने से, नाव डूबने या कंटेनर मे दम घुटने से मृत्यु हो जाती है। बहुत से मामलों मे इस प्रकार से विदेश गये लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते है और उनसे डरा धमका कर गलत कार्य करवाये जाते है। इसलिए हमें ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से बचकर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा बरती गई थोड़ी-सी सावधानी आपको ऐसे ठगों का शिकार होने से बचा सकती है।

विदेश जाने से सम्बंधित कार्यों को लेकर हमेशा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंटों की सेवाएं लें और पैसों का भुगतान करने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें। सावधानी मे ही बचाव है।

विभागों में घूम रहे एजेंटों को मान्यता देने की मांग, सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- शहर के सोशल एक्टिविस्ट राधेश्याम सोनी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

शहर के सोशल एक्टिविस्ट राधेश्याम सोनी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सरकारी विभागों में घूम रहे एजेंटों को सरकारी मान्यता देने की मांग की है। अपने पत्र में राधेश्याम सोनी ने कहा कि नियम मुताबिक जो व्यक्ति अपने काम के लिए किसी भी विभाग में जाता है तो वो क्लर्क या स्टेनो से मिलता है तो उसकी फाइल अधिकारियों के पास पहुंचती है।

ये था मामला

कुछ महीने पहले पटवारियों से संबंधित लिस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिसमें पटवारियों और उनके सहायकों के नाम दर्शाए गए थे जिसमें किसी भी पटवारी से मिलना हो या काम करवाना हो तो इन सहायकों से मिल सकते हो। नगरपरिषद में कोई भी गली, सडक़ या अन्य विकास कार्यों से संबंधित प्रपोजल बनाना हो तो एक्सईएन व जेई एस्टीमेट तैयार करते हैं तो उस कार्य को पूरा करने के लिए हाउस मीटिंग में प्रस्ताव पास होता है और उस काम को पूरा किया जाना चाहिए लेकिन जिला नगर आयुक्त फतेहाबाद ने अपने स्तर पर थर्ड पार्टी नियुक्त कर रखी है जो हाउस मीटिंग में पास हुए प्रस्तावों पर थर्ड पार्टी समीक्षा करती है कि किस कार्य को करना है या नही। जिस कार्य को करना है तो हां और जिस को नही करना तो ना।

विभागों में घूम रहे एजेंट : सोनी ने सीएम से मांग की है कि लघु सचिवालय के सभी विभागों में जो एजेंट घूम रहे हैं उनकी सीआईडी जांच करवाकर उनको अधिकृत किया जाए और लघु सचिवालय में आने वाले लोगों को अपना काम कराने के लिए भिन्न-भिन्न एजेंटों से न मिलना पड़े ताकि सरकार की जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को जनता को जागरुक करने के लिए प्रचारित किया जाए।

हैफेड में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हैफेड में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगवाने के नाम पर 1 लाख 10 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने मंगलवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए युवक की पहचान वसीम पुत्र कुलवंत सिंह निवासी दनौदा जिला जींद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 1 मई को गांव खजूरी जाटी निवासी औम विष्णु की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को हिसार निवासी सावन बताया और कहा कि उसने हैफेड का कान्ट्रेक्टर ले रखा है। हैफेड आफिस के लिए सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती करनी है। उसने उसे भूना हैफेड में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगाने की बात कही और बताया कि इसके लिए उसे 2 लाख रुपये देने होंगे। इसमें से 1 लाख 10 हजार नौकरी लगने से पहले और बकाया 90 हजार नौकरी लगने के बाद देने होंगे। औम विष्णु ने कहा कि वह उक्त युवक की बातों में आ गया और उसने 1 लाख 10 हजार रुपये और अपने कागजात की कॉपी उसे भेज दी। इसके बाद 20 मार्च 2025 तक वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी का इंतजार करता रहा। उसने सावन को बार-बार फोन किए लेकिन उसने ना तो उसे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगवाई और न ही उसके पैसे वापस कर रहा है। इसके बाद उसने अपने साथ हुई धोखाधड़ी बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच अधिकारी एएसआई सोहन सिंह ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

शिक्षक ने जन्मदिन पर बच्चों में बांटी जलेबी, खीर, छोले -पूरी व तरबूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। जन्मदिन पर मेधावी बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक सेवा सिंह।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला धिड़ में शिक्षक सेवा सिंह ने अपने जन्मदिन को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चों के साथ बड़े हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने केक, जलेबी, खीर, छोले -पूरी व तरबुज का आनन्द लिया। इस अवसर पर मई मास में जन्मी बालिकाओं का भी साथ ही जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सरपंच रणवीर सिंह ने शिरकत की। रणवीर सिंह ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम बच्चों में खुशी व अच्छे संस्कार पैदा करता है। बच्चे जन्मदिन मनाने की परंपरा को बखूबी सीखते हैं।

बच्चों को इस स्कूल में भरपूर प्यार व शिक्षा मिलती है। इस अवसर पर सभी बच्चों को जन्मदिन का उपहार देकर सम्मानित किया तथा साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया। इस स्कूल में सभी अध्यापक अपनी खुशी बच्चों के साथ ही मानते हैं। इस अवसर पर स्कूल में पौधरोपण भी किया।

बीजेपी जिलाध्यक्ष जोड़ा से मिली भिरड़ाना मंडल कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा का आभार जताते भिरड़ाना मंडल अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य।

भारतीय जनता पार्टी भिरड़ाना मंडल की नई कार्यकारिणी आज मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में भूना रोड स्थित जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा से मिली और आभार जताया। जिला कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भिरड़ाना मंडल की पूरी टीम पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए वे पूरी मेहनत से कार्य करेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार के साथ मंडल उपाध्यक्ष रमेश ढाका, होशियार सिंह, भूप सिंह सिंगड़ व केवलकृष्ण कम्बोज, मंडल महामंत्री भगवान पूनियां व राजेन्द्र सैनी, मंडल सचिव मोती लाल, सोनू और प्रमिला रानी, मंडल कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सरपंच व आईटी सेल प्रमुख संजीव सहारण सहित अनेक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

महिला के आत्महत्या मामले में आरोपी पति गिरफ्तार, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जाखल पुलिस ने एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान फौजी पुत्र सुरजीत निवासी बाजीगर बस्ती जाखल के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 24 जुलाई 2024 को खनौरा निवासी महेन्द्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी लडक़ी माया देवी की शादी 2008 में फौजी राम के साथ हुई थी। शादी के बाद इनके तीन बच्चे हुए। शादी के बाद से ही फौजी राम, उसका भाई मुखाराम, गुरप्रीत व सास रानी घरेलू बातों को लेकर उससे झगड़ा करते थे। 23 जुलाई को उसे सूचना मिली कि उसकी लडक़ी माया देवी ने फांसी लगा दी है। फिर बताया गया कि माया देवी को हार्ट अटैक हुआ है। जब वह जाखल पहुंचे तो वहां माया मृत अवस्था में पड़ी थी। महेन्द्र सिंह के अनुसार उसने देखा कि उसकी लडक़ी के गले पर निशान थे। महेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया था कि अपने पति, देवरों व सास द्वारा लगातार झगड़ा करने की वजह से माया देवी ने फांसी लगाई है। आरोपियों ने उन्हें गुमराह करके माया देवी का संस्कार भी करवा दिया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

न्यूज डायरी

जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 8 मई को

फतेहाबाद। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलवाने हेतु 8 मई को कार्यालय परिसर में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस मेले में श्री श्याम बायो फर्टिलाइजर्स, भारत फाईनैंसियल लिमिटेड तथा पुखराज हैल्थकेयर कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगें। उन्होंने बताया कि इस मेले में श्री श्याम बायो फर्टिलाइजर्स द्वारा 20 फिल्ड ऑफिसर, भारत फाईनैंसियल लिमिटेड द्वारा 15 फिल्ड असिस्टैंट तथा पुखराज हैल्थकेयर द्वारा 20 वैलनेस एडवाइजर पदों की भर्ती की जायेगी। इन पदों हेतु प्रार्थी कम से कम 12वीं पास तथा हरियाणा के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए।

लड़ाई झगड़ा करने के मामले में दो युवक काबू

फतेहाबाद। भट्टकलां पुलिस ने गांव जांडवाला बागड़ में खाल को लेकर हुए विवाद में लड़ाई झगड़ा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को काबू किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान विरेन्द्र पुत्र जय सिंह व सतीश पुत्र शेर सिंह निवासी जांडवाला बागड़ के रूप में हुई है। थाना भट्टकलां प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 21 अप्रैल को जांडवाला बागड़ निवासी संजय की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसक पत्नी सुमन देवी, लडक़ा सूर्यप्रकाश व भाई राजीव का लडक़ा प्रदीप खाल संवारने खेत गए हुए थे। खाल के जमीनी विवाद को लेकर विरेन्द्र, रणदीप उर्फ घोलू, कुलदीप, प्रमोद, सुरेश, सुमित्रा, अनिल, मुकेश, रोनिक, भतेरी, राजबाला, मनोज, संतोष इकट्ठे होकर आए और उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही वह टावर के पास पहुंचे तो आरोपियों ने वहां पर आकर उसके ऊपर व उनकी पड़ोसी समेश्ता पर भी हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को शामिल तफ्तीश कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्राम सचिव ने किया मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण

रतिया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हनीश कुमार के निर्देश पर ग्राम सचिव रामचंद्र भिरड़ाना ने ग्राम पंचायत ब्राह्मणवाला के अंतर्गत चल रहे मनरेगा के अंतर्गत जोहड़ खुदाई के कार्य का औचक निरीक्षण किया और मनरेगा कर्मचारी को उचित दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम सचिव ने मौके पर काम कर रहे सभी मजदूरों की हाजिरी भी चेक की। ग्राम सचिव ने मनरेगा कर्मचारियों को निर्देश दिए की मनरेगा कार्य के दौरान मजदूरों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए सरकार के निर्देशानुसार काम के स्थान पर मजदूरों को उचित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। उनके लिए पीने के पानी की व्यवस्था और अन्य सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही उन्होंने मनरेगा मेट को निर्देश दिए कि जो मजदूर कार्य पर मौजूद है, उनकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत फोटो खींचकर उनकी ऑनलाइन ही हाजिरी लगाई जाए और मजदूरों की हाजिरी का पूरा रिकॉर्ड रखा जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

घर से आभूषण व नकदी चोरी की गुत्थी सुलझी, आरोपी युवक गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने शहर के शमशाबाद पट्टी क्षेत्र में स्थित एक घर से सोने-चांदी के जेवरात, नगदी व घरेलू सामन चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए युवक काबू कर लिया। इस संबंध में थाना शहर सिरसा प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान पवित्र उर्फ पिंटू पुत्र दया सिंह निवासी नकौड़ा तहसील रानियां जिला सिरसा के रुप में हुई है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 29 फरवरी 2025 को घर में ताला लगाकर राजस्थान में शादी समारोह में गए हुए थे और एक मार्च को वापस घर आकर देखा तो घर के ताले टूटे हुए थे। घर का सामान चेक करने पर पता चला की घर से एक सोने की चैन, कंगन, मंगलसूत्र एक चांदी का कड़ा,दो गैस सिलेंडर,एक एलईडी और करीब 60 हजार रुपए की नगदी अज्ञात युवक चोरी करके ले गए थे । थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ थाना शहर सिरसा में चोरी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। अब पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है।

नुहियांवाली में युवक पर फायरिंग के मामले में तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

ओढां। पुलिस ने गांव नुहियांवाली में युवक पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने के मामले में वांछित आरोपी अक्षित उर्फ अक्की निवासी फतेहाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इस मामले में दो आरोपी सोनू पुत्र राजकुमार निवासी नुहियांवाली और दीपक भाटी पुत्र जसबीर भाटी निवासी भट्ठ कलां को पहले ही पकड़ा जा चुका है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल सोढ़ी ने बताया कि 26 अप्रैल 2025 को गगनदीप पुत्र जगदीश निवासी नुहियांवाली के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। गगनदीप ने बताया था कि 25 अप्रैल को शाम करीब 6:15 बजे वह दूध लेने वीटा डेयरी गया था। उसका भाई विकास पुत्र विनोद नेहरा मोटरसाइकिल पर खल की बोरी लेकर आया और उससे बात कर आगे बढ़ गया। उसी समय गली में सोनू और एक अन्य युवक खड़े थे, जिसने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। जैसे ही विकास मोटरसाइकिल से आगे बढ़ा तो सोनू और उसके साथी ने उस पर दो फायर किए।

एसडीएम ने डबवाली व जोगेवाला गांव में सेमनाले का किया निरीक्षण

डबवाली। एसडीएम अर्पित संगल ने मंगलवार को गांव डबवाली और जोगेवाला में स्थित सेमनाला (लिसाड़ा नाला) का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि बरसात के मौसम मे नाले में किसी प्रकार की टूट-फूट न हो, इसके लिए अधिकारी लगातार निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में इसी नाले के टूट जाने से क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस बार प्रशासन पहले से ही सतर्क है और समय रहते जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नाले की मरम्मत और मजबूती के लिए आवश्यक कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि नाले की स्थिति को समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो बारिश के मौसम में जलभराव और बाढ़ की समस्या फिर से सामने आ सकती है। ग्रामीणों ने भी एसडीएम के सामने अपनी समस्याएं रखीं और नाले के सुधार की मांग की।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सरपंचों के साथ विकास कार्यों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। टोहाना में जनप्रतिनिधियों से मिलते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मंगलवार को टोहाना में डांगरा रोड स्थित अपने निवास स्थान पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, कार्यकर्ताओं व नागरिकों से भेंट कर विकास कार्यों, जनसरोकार और सामाजिक मुद्दों पर गहन चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने सभी का हालचाल जाना और जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का भरोसा दिलाया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने विभिन्न गांवों के सरपंच व प्रतिनिधियों से बातचीत कर गाँव में चल रहे विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं और सुझावों को साझा किया, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया गया। राज्यसभा सांसद ने कहा केन्द्र व राज्य सरकार गांव के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार की नीतियाँ और राज्य सरकार निरंतर ग्रामीण इलाकों में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने में जुटी है। हर गांव को स्वच्छ, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाना हमारा लक्ष्य है। जल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता व सडक़ निर्माण जैसे कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। जनता की भागीदारी से ही पारदर्शी और टिकाऊ विकास संभव है। हर गांव में सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किए जा रहे विकास कार्यों पर विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना, युवाओं को रोजगार के अवसर देना, किसानों की समस्याओं का समाधान करना और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। इस मौके पर सरपंच कुलदीप डांगरा, सरपंच सतगुरु, सरपंच सुनील, सरपंच राजकुमार, सरपंच राजेश, नवनिर्वाचित सरपंच गुरप्रीत कुलां सहित अन्य मौजूद रहे।

बैठक पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए 26 नागरिकों को किसान सभा ने दी श्रद्धांजलि

हरियाणा व पंजाब सरकार जल विवाद का बातचीत से जल्द समाधान निकालें : सिवाच

- शहीद उधम सिंह भवन में अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी मीटिंग में आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। जिला कमेटी की बैठक में चर्चा करते किसान सभा के पदाधिकारी।

अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी मीटिंग मंगलवार को फतेहाबाद में शहीद उधम सिंह भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने की व संचालन जगतार सिंह ने किया। मीटिंग में राज्य सहसचिव दिनेश सिवाच विशेष तौर पर शामिल हुए। बैठक में सबसे पहले पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए 26 नागरिकों को किसान सभा सदस्यों द्वारा श्रद्धांजली दी गई।

राज्य सहसचिव दिनेश सिवाच ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले से देश सदमें में है, शोक मनाया जा रहा है। ऐसे हालात में आतंकवादी ताकतों का मुकाबला करने के लिए देश में आपसी भाईचारे को और मजबूत करके ही आतंकियों के मंसूबों को नाकाम किया जा सकता है। उन्होंने पहलगाग में हुए हमले को सरकार की नाकामी का नतीजा बताया। हरियाणा-पंजाब जल विवाद पर उन्होंने कहा कि यह सच्चाई है कि हरियाणा में नागरिकों, पशुओं के लिए पीने व खेती के लिए पानी कमी है।

मानवता के आधार पर जीवन को संकट से बचाने के लिए हरियाणा को पानी दिया जाए। पंजाब व हरियाणा दोनों सरकारों को विवाद का मिल बैठकर समाधान करना चाहिए। दोनों प्रदेशों के नागरिकों में किसी तरह से नफरत बढऩे वाली किसी भी उकसावेपूर्ण कार्रवाई से बचना चाहिए। केंद्र सरकार को विवाद को उलझाने की बजाय न्यायसम्मत समाधान के लिए जिम्मेदारी की भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में 20 मई को ट्रेड यूनियनों द्वारा की जाने वाली हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया। इसके अलावा सदस्यता अभियान चलाने, जून माह में यूनिट कमेटियां गठित करने, जुलाई में तहसील सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। मीटिंग मे रामसरूप ढाणी गोपाल, अमर सिंह तलवाड़ा, केवल सिंह रत्ता थेह, जोगिंद्र सिंह बीघड़, धर्मपाल कुम्हारिया, मनु, बलबीर सिंह गोरखपुरिया, छत्रपाल सिंह नथवान, हनुमान सिंह ढ़ाबी कलां, सुभाष जांडवाला बागड़ मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पोल सहित सोलर लाइट चोरी, मामला दर्ज

सिरसा। सदर सिरसा पुलिस ने गांव शाह सतनामपुरा के सरपंच चरणजीत सिंह पुत्र बलवंत सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में सरपंच की ओर से बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा गांव में सोलर लाईटें लगवाई गई है। शिकायत में ब ताया कि जब खाटू श्याम फिलिंग स्टेशन से शाह सतनाम धाम की ओर जाते हुए उन्होंने सडक़ पर एक सोलर लाइट का पोल टेड़ा देखा। जांचने पर पता लगा कि सोलर प्लेट टूटी हुई है और उस पर लगी लाईट गायब है। इसके आगे एक और लाईट को कोई पोल सहित उखाडक़र ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

पति के खिलाफ दहेज प्रताडना का केस दर्ज

सिरसा। महिला थाना सिरसा पुलिस ने अमीषा पुत्री राजकुमार निवासी बेगू रोड सिरसा की शिकायत पर उसके पति प्रिंस छाबड़ा पुत्र धनराज छाबड़ा निवासी फतेहाबाद के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में अमीषा ने बताया कि 27 जून 2023 को उसका विवाह प्रिंस के साथ हुआ था। उसके परिवारजनों ने विवाह पर करीब 35-40 लाख रुपये खर्च किए। दहेज में तमाम घर में उपयोग होने वाला सामान के अलावा बलेनो कार भी दी। इसके अलावा चार सोने की अंगूठियां, सोने की चेन सहित अन्य उपहार दिए। उसने बताया कि ससुरालजनों ने विवाह के कुछ दिन बाद ही ताने मारने शुरू कर दिए। उससे दहेज में पैसे की मांग की जाने लगी। विरोध करने पर उसके पति व जेठ-जेठानी ने उसे पीटना शुरू कर दिया। एक बार उसे मारपीट कर रात में घर से बाहर निकाल दिया। उसने मायके फोन किया। आरोपियों ने दहेज में 10 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी।

सीडीएलयू परीक्षाओं के मद्देनजर धारा 163 लागू

सिरसा। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की प्रदत्तः शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 163 लागू की है।

अशोक वर्मा बने पुनः जेजेपी के जिलाध्यक्ष

सिरसा। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला, प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह व पूर्व विधायक नैना चौटाला ने गहन विमर्श के बाद एक बार फिर वरिष्ठ नेता अशोक वर्मा को जिले की कमान बतौर जिलाध्यक्ष सौंपी है। नियुक्ति पर जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

साढ़े चार लाख की ठगी के आरोपी गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने करीब साढ़े चार लाख रुपये साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को राजस्थान के बीकानेर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। साइबर थाना प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि टेलीग्राम एप से जोडक़र टॉस्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर जिला की एक महिला से 4 लाख 48 हजार 940 रुपए की साइबर ठगी करने पर मामला दर्ज किया गया था।

सेक्टर 3 में कोठियों के बाहर एचएसवीपी की ओर से ग्रिलों व पार्क तोड़ने का मामला

कार्रवाई ठंडे बस्ते में पड़ने से अधिकारियों पर 'ले-देकर' मामला निपटाने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हुडा सैक्टर में कोठियों के बाहर मालिकों द्वारा अवैध तौर से ग्रीलें लगाकर बनाए गए पार्कों पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की कार्रवाई ठंडे बस्ते में पड़ गई है। विभाग द्वारा एक बारगी की गई सख्ती के बाद जिन लोगों ने इन पार्कों व रैम्पों को हटा दिया था, आज वह लोग अपने आप को ठगा-सा महसूस कर रहे हैं। दबी जुबान में लोग प्राधिकरण के अधिकारियों पर 'ले-देकर' मामला रफा-दफा करने के आरोप लगा रहे हैं। सैक्टर वासियों का कहना है कि उन्होंने सैक्टर 3 व पार्ट 2 की कोठियों के बाहर ग्रीनरी के लिए आसपास पेड़-पौधे लगा रखे थे ताकि यहां का पर्यावरण शुद्ध रहे। एचएसवीपी ने सैक्टरों में सडक़ें चौड़ी करने के नाम पर उन्हें घरों के बाहर लगी सेफ्टी ग्रिल हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे। नोटिस के बाद उन्होंने यहां से ग्रीन बैल्ट व ग्रिलों को उखाड़ दिया, जिस पर उन्होंने लाखों रुपये खर्च कर रखे थे। बता दें कि एचएसवीपी के स्टेट ऑफिसर ने जनवरी महीने में अभियान चलाते हुए सैक्टरवासियों को कोठियों के बाहर बने पार्कों व रैम्पों को तोडऩे के नोटिस दिए थे। नोटिस में प्राधिकरण ने इन्हें 5 फरवरी तक का समय दिया था और कहा था कि अगर उन्होंने पार्कों व रैम्पों को नहीं हटाया तो प्राधिकरण स्वयं कार्रवाई करते हुए इन अवैध निर्माणों को तुड़वा देगा। इसका खर्चा भी एचएसवीपी द्वारा कोठी मालिकों से ही वसूला जाएगा। इसके बाद सैक्टर में रहने वाले कुछ लोगों ने स्वयं ही कोठियों के बाहर बने पार्क व रैम्प हटा दिए थे। 7 फरवरी को एचएसवीपी के अधिकारी दोबारा सैक्टर में पहुंचे और औपचारिकता पूरी करके चलते बने। एचएसवीपी की इस कार्रवाई से सैक्टरवासी हैरत में है। उनका कहना है कि अनेक लोगों ने एचएसवीपी के आदेशों की पालना करते हुए स्वयं ही अपनी कोठियों के बाहर ग्रीन बैल्ट व ग्रिल उखाड़ दी लेकिन उसके बाद एचएसवीपी के अधिकारियों ने ग्रिलें व पार्क न उखाडऩे वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। आज भी सैक्टर में हालात जस के तस है। एचएसवीपी के अधिकारी सडक़ें चौड़ी करने के नाम पर अनेक लोगों का लाखों रुपये का नुकसान कर गए। जिन लोगों का नुकसान हुआ है, उन लोगों का कहना है कि एचएसवीपी के अधिकारी बड़े लोगों से मिले हुए हैं। उनके दबाव के कारण ही उनकी कोठियों के

फतेहाबाद। हुडा सेक्टर में कोठियों के बाहर बने पार्क व सड़कों के मोड़ पर लेवल से ऊंचे बने सीवरेज मैनहोल। फोटो :हरिभूमि

कोठियों के बाहर कर रखा है अतिक्रमण

हुडा सैक्टर में अधिकतर कोठी मालिकों द्वारा अपनी कोठियों के बाहर कई-कई फुट तक अतिक्रमण कर रखा है, जिसमें लोगों ने अनाधिकृत रूप से रैम्प का निर्माण किया है वहीं ग्रील लगाकर मिनी पार्क भी बना रखे हैं। इस कारण सैक्टर में सडक़ों की चौड़ाई काफी कम हो गई है और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं परेशानियों को देखते हुए एचएसवीपी ने पहले अवैध निर्माण को गिराने का फैसला लिया था जोकि अब शांत है।

मैनहोल बन रहे हादसों का कारण

कहने को तो एचएसवीपी के अधिकारियों ने कोठी मालिकों के कोठी के बाहर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने का नोटिस दिया था। हालात यह हैं कि एचएसवीपी के द्वारा बनाए गए सीवरेज के मेनहाल भी सडक से एक-एक फुट ऊपर हैं। किसी भी मोड़ या चौराहें पर वाहन के मुड़ते समय इन सीवरेज के ऊपर चढने से हादसा होने का डर बना रहता है। सैक्टरवासी मेहता निहाल चंद व किरपाल सिंह ने बताया कि मोड़ पर बने सीवरेज पर गाड़ी चढ़ते ही टायर फटने का खतरा रहता है।

सिरसा। लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करते न्यायाधीश।

लोक अदालत में 2871 मामलों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में स्थानीय एडीआर भवन के सभागार में परमानेंट लोक अदालत (पब्लिक यूटिलिटी सर्विस) में राष्ट्रीय लोक अदालत के उपलक्ष्य में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि लोक अदालत परमानेंट लोक अदालत (पब्लिक यूटिलिटी सर्विस) के चेयरमैन हरचरण सिंह व मेम्बर सरोज सोनी द्वारा लगाई गई। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में कुल 3061 मामले रखे गए, जिनमें से 2871 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें कुल 26,31,306 की राशि समायोजित की गई। सचिव ने बताया कि परमानेंट लोक अदालत (पब्लिक यूटिलिटी सर्विस) में बैंक रिकवरी, बिजली, बीएसएनएल और पब्लिक हेल्थ से संबंधित केसों को रखा गया। सभी निपटारे दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किए गए, जिनके विरूद्ध कोई अपील नहीं होती।

भाजपा और आप ने मिलकर हरियाणा के हितों पर किया कुठाराघात, सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र

सिरसा। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों एक साजिश के तहत हरियाणा के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं, प्रदेश में जल संकट पर दोनों राजनीतिक करने में लगे हुए है जबकि जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है, ऐसे में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप कर हरियाणा को उसके हक का पानी दिलाना चाहिए क्योंकि बीबीएमबी केंद्र के अधीन ही काम करता है। उधर मंगलवारको कुमारी सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल को पत्र लिखकर कहा है कि हरियाणा के जल संकट के स्थायी समाधान के लिए यमुना-घग्गर लिंक नहर का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा है कि पंजाब सरकार ने हरियाणा में जो जल संकट पैदा किया है, उसके स्थायी समाधान की जरूरत है। सांसद ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए लग रहा है कि भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों एक साजिश के तहत हरियाणा के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं, प्रदेश में जल संकट पर दोनों राजनीतिक करने में लगे हुए है जबकि जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है। सैलजा ने कहा कि इस विवाद को लेकर अदालत में जाने का समय नहीं है क्योंकि अदालतों में फैसला आने पर देर लगती है तब तक प्रदेश की जनता को प्यासा तो नहीं छोड़ा जा सकता। सांसद ने कहा कि पंजाब को हरियाणा का पानी रोकने का कोई हक नहीं है। क

सतर्कता ही साइबर अपराधियों से बचने का बेहतर उपायः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने आमजन को साइबर फ्रॉड के प्रति आगाह करते हुए कहा कि आए दिन स्कैमर्स नए-नए तरीके का स्कैम लेकर आ रहे हैं। आधुनिकता के इस युग में साइबर अपराधियों ने कॉल मर्ज स्कैम इजाद किया है, जिसमें किसी को शक की गुंजाइश नहीं रहती और व्यक्ति आसानी से साइबर अपराधियों का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अब न ओटीपी पूछेंगे और न ही कोई लिंक या मेसेज भेजेंगे। बस, कॉल मर्ज की इस नई ट्रिक से आपके अकाउंट में सेंध लगाकर आपकी वर्षों की कमाई को मिनटों सेकेंडो में उड़ा देंगे। पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता ने बताया कि यदि आपके मोबाइल नंबर पर किसी अनजान व्यक्ति का फोन कॉल आता है,और कॉल करने वाला व्यक्ति यह दावा करता है, कि मैने आपका नंबर आपके किसी परिचित व्यक्ति से लिया है,और इससे पहले उसी से बात कर रहा था और आपको भी कॉल मर्ज करने के लिए कहता है तो सावधान हो जाएं। क्योंकि गलती से भी यदि आपने कॉल मर्ज कर दिया तो,आपका कॉल बैंक के ओटीपी वेरिफिकेशन कॉल से जुड़ जाएगा । साइबर अपराधी आसानी से आपके खाते से पैसे उडा देंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति को फोन कॉल आता है,तो सावधान रहे।सावधानी व सतर्कता ही साइबर फ्रॉड से बचने का बेहतर तरीका है।

हरियाणा का हक मारने वाले पंजाब सीएम तुरंत हों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल चौटाला ने कहा कि यदि केंद्र सरकार सही मायने में हरियाणा को भाखड़ा से उसके हिस्से का पानी दिलाने को गंभीर है तो उसे फौरन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को गिरफ्तार करवाकर जेल भेजना चाहिए। वे मंगलवार को पंजाब द्वारा भाखड़ा से हरियाणा के हक का पानी काटने पर स्थानीय लघु सचिवालय पर इनेलो के जिला स्तरीय प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने से पूर्व उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि सही मायने में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हरियाणा को उसके हक का पानी दिलाने को लेकर पूरी तरह से उदासीन हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा भाखड़ा बोर्ड से अलग हो गया, मगर अब तक केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार ने भाखड़ा बोर्ड से बात नहीं की और न ही अलग होने का कारण पूछा। इसी से पता चलता है कि सरकार गंभीर नहीं है। हरियाणा में पानी की किल्लत का प्रमाण ये है कि प्रत्येक गांव में लोग पीने के लिए पानी का टेंकर 700 से 800 रुपए में खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप जड़ा कि पानी के मूल मुद्दे पर प्रदेश की नायब सरकार ने पंजाब के समक्ष घुटने टेक दिए हैं। इससे पूर्व इनेलो जिलाध्यक्ष जसबीर सिंह जस्सा ने कहा कि पंजाब सरकार ने हरियाणा के हक का पानी काटकर असंवैधानिक कार्य किया है, मगर इनेलो किसानों और प्रदेशवासियों के हितों के लिए लंबी लड़ाई लड़ेगी और हरियाणा के हिस्से का पानी लाकर रहेगी।

इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि चौ. देवीलाल ने अपने समय में हरियाणा के हितों के लिए एसवाईएल का पानी लाने के लिए भरपूर प्रयास किए और उन्हीं प्रयासों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा की पैरवी करते हुए दो मर्तबा एसवाईएल का पानी लाने के लिए एजेंसियों को निर्देशित करवाया था मगर बाद की सरकारों ने मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया, मगर इनेलो हरियाणा के हक पर किसी को डाका नहीं डालने देगी।

उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते इनेलो कार्यकर्ता।

विधायक भरत सिंह ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बैनीवाल ने मंगलवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने विधायक बेनीवाल के सामने पानी, बिजली, स्ट्रीट लाइटों व गलियों की समस्या रखीं। विधायक भरत सिंह बैनीवाल ने शिकायत सुनने के साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की और समस्या का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। क्षेत्र वासियों से रूबरू होते हुए विधायक भरत सिंह बेनीवाल ने कहा कि ऐलनाबाद विधानसभा हलके के लोगों ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर खरा उतरेंगे। क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करवाना और क्षेत्र का विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर नगर पालिका प्रधान रामसिंह सोलंकी,मनोज सिहाग सरपंच चिलकनी, गुरमेल सरपंच मिर्जापुर,रामलाल भाम्भू पूर्व सरपंच मिठनपुरा, सुभाष सरपंच पोहड़का, मनीराम गोदारा ममेराखुर्द, ईश्वर ममेराकला,नोरंग भाम्भू, पवन झांजु पार्षद उपस्तिथ थे।

सिरसा। मस्याएं सुनते विधायक भरत सिंह बैनीवाल।

राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर मीटिंग में बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की जिला सिरसा की मीटिंग दलीप सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में पार्टी के राज्य सचिव दरियाओ सिंह कश्यप विशेष तौर पर शामिल हुए। पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सभी भारतवासियों व एक नेपाली नागरिक को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीटिंग का आगाज किया गया। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का राज्य स्तरीय अधिवेशन 7-8 जून 2025 को यमुनानगर में व राष्ट्रीय अधिवेशन 21-25 सितम्बर 2025 को आयोजित किया जाएगा। राज्य सचिव साथी दरियाओ सिंह कश्यप ने अधिवेशन के लिए व्यापक रूप से तैयारी के लिए चर्चा की। आगामी 20 मई को राष्ट्रीय मजदूर कर्मचारी संगठनों व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर एक दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने को लेकर प्रोग्राम तैयार किया गया। मीटिंग में बलराज बणी, हरदेव सिंह जोश, लक्ष्मन सिंह शेखावत, प्रितपाल सिंह सिद्धू, सर्वजीत सिंह सिद्धू, बलवंत सिंह संतनगर, गुरनाम सिंह, कुलदीप सिंह, रेशम सिंह संधु, तिलक राज, पाला चीमा, अमरजीत सिंह, कुलवंत सिंह रानियां, डा. सुखदेव सिंह जम्मू व तरसेम सिंह इत्यादि ने भाग लिया।

सिरसा। बैठक को संबोधित करते दलीप सिंह।

श्री दुर्गा मंदिर में मासिक भंडारा सम्पन्न

ओढां। श्री दुर्गा अष्टमी के अवसर पर पुरानी अनाज मंडी ओढ़ा में स्थित दुर्गा मन्दिर मे मासिक भंडारे का आयोजन किया गया। दुर्गा भजन मंडल, श्री सालासर यात्रा संघ एवम् श्री दुर्गा मन्दिर कमेटी के सहयोग से माता रानी का मासिक भंडारा लगाया गया। भंडारे का शुभारम्भ पुजारी प्रवीण शर्मा ने कंजक पूजन के साथ किया। इस अवसर पर छोटू राम शर्मा, पवन गर्ग, रामपाल सिंगला, मास्टर हरिराम गोयल, सतिंदर गर्ग, रामलाल गर्ग, बजरंग गर्ग, जसपाल तगड, दर्शन सिंह लौट, मनमोहन गोयल, संजय कांसल, वेदप्रकाश गोयल, प्रेम कुमार गोयल, फकीर चंद गोयल, बलविंदर खुराना, जग्गू राम शर्मा, लक्ष्मण राम, राकेश गर्ग हैप्पी, फकीर कांसल, गोरा गर्ग, रामलाल सिंगला ने सहयोग दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए

एसडीएम ने डबवाली व जोगेवाला गांव में सेमनाला का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

एसडीएम अर्पित संगल ने मंगलवार को गांव डबवाली और जोगेवाला में स्थित सेमनाला (लिसाड़ा नाला) का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि बरसात के मौसम मे नाले में किसी प्रकार की टूट-फूट न हो, इसके लिए अधिकारी लगातार निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में इसी नाले के टूट जाने से क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस बार प्रशासन पहले से ही सतर्क है और समय रहते जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नाले की मरम्मत और मजबूती के लिए आवश्यक कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि नाले की स्थिति को समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो बारिश के मौसम में जलभराव और बाढ़ की समस्या फिर से सामने आ सकती है।

- बरसात के मौसम मे नाले में किसी प्रकार की टूट-फूट न हो

ग्रामीणों ने भी एसडीएम के सामने अपनी समस्याएं रखीं और नाले के सुधार की मांग की। इस पर एसडीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

किसानों से अपील

इस अवसार पर एसडीएम ने किसानों से भी यह अपील की कि यदि नाले में जलस्तर सामान्य से अधिक बढ़ता है या कोई आपात स्थिति बनती है तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते जरूरी कदम उठाए जा सकें और किसी भी नुकसान से बचा जा सके। इस दौरान सिंचाई विभाग के एसडीओ चंद्र पाल, एसडीओ सुनील गोयल, जेई चेतन कुमार, जिलेदार कुलदीप आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।